(ख) इस कालेज में शिक्षा संबन्धी सुधार करने एवं विद्यार्थियों की मागों को पूरा करने हेतु केन्द्र सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नूरुल हसन) (क) और (ख) जीमखाना कालेज के महामंत्री ने 18 फ़रवरी 1975 को विश्वेश्वरया क्षेत्रीय इजीनियरी कालेज, नागपुर के प्रिंसिपल को एक ज्ञापन पेश किया जिसमें सुविधाओं तथा शैक्षिक रियायतो से संबंधित 13 मागे सम्मिलित थी। कालेज के शासी मडल ने, जो कि स्वयत्तशासी है, 14 मार्च 1975 को अपनी बैठक में सभी मागों पर विस्तारपूर्वक विचार किया। बोर्ड की सिफ़ारिशें प्राप्त होने पर केन्द्रीय राज्य सरकार तथा नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा जाच की जायेगी।

## प्राइवेट शिक्षा संस्थाओं द्वारा ट्यूटोरियल कक्षाएं

5272. श्री राम हेडाऊ : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के बड़े-बड़े शहरो में विशेष रूप से महाराष्ट्र में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं विभिन्न विषयों में ट्यूटोरियल कक्षाओं का आयोजन करने वाली संस्थाओं की बाढ़ आ गई है ; और

(ख) क्या इस प्रवृत्ति के कारण शिक्षा के गुणात्मक स्तर मे ह्रास को रोकने के लिये सरकार अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कुछ उपाय करने का विचार कर रहा है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नूरुल हसन) : (क) पता चला है कि बहुत सी प्राइवेट संस्थायें विभिन्न विषयों में ऐसे शैक्षिक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

(ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और सरकार ने निर्धारित नीतियों के अनुसार, शैक्षिक स्तरो में सुधार तथा उन्हें बनाये रखने के लिये बहुत से कदम उठाये है जिनमे अध्यापकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम मे सुधार, परीक्षा सुधार तथा सेवा शर्तों मे सुधार सम्मिलित है।

ये सस्थाये-पाठ्यक्रम किसी भी विश्वविद्यालय से मान्य अथवा संबद्ध नही है ? विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अधीन, डिग्री प्रदान करने अथवा प्रदत्त करने के अधिकार का उपयोग, किसी केन्द्रीय अधिनियम अथवा राज्य अधिनियम द्वारा अथवा उसके अन्तर्गत स्थापित अथवा निगमित किसी विश्वविद्यालय द्वारा अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के खड 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय समझी जाने वाली सस्था द्वारा अथवा डिग्रियां प्रदान करने के लिये संसद के अधिनियम द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकृत किसी सस्था द्वारा ही किया जा सकता है। जब कभी भी इन उपबधो के किसी उल्लघन का कोई विशिष्ट मामला सरकार अथवा आयोग के नोटिस मे लाया जायगा, तो मामले पर, यथोचित रूप से जांच करने के बाद, यथा-आवश्यक कानूनी कारंवाही करने के लिये कदम उठाया जायगा।

## चीनी का उत्पादन और निर्यात

5274. डा० लक्ष्मीनारायण पांडे : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू मौसम के दौरान चीनी का उत्पादन कितनी मात्रा मे होने की आशा है और उसमे से कितनी मात्रा मे चीनी का निर्यात किया जायगा ; और

(ख) चीनी का वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य क्या है ?